>

Title : Need to take steps to rescue fishermen from Daman & Diu languishing in Pakistani Jails.

श्री लालूभाई बाबूभाई पटेल (दमन और दीव): महोदया, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र दमन दीव की ओर दिलाना चाहता हूं। दमन-दीव क्षेत्र के कई गरीब मछुआरे पाकिस्तान की जेलों में पिछले सालों से बंद है और उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इन गरीब मछुवारों के परिवार में इनके अलावा कोई कमाने वाले नहीं है। कई परिवारों के पिता-पुत्र और दामाद आदि भी पाकिस्तान जेलों में बंद होने के कारण उनके घरों में खाने-पीन के लाले पड़े हुए हैं। बारिश के समय कोई मछुआरा समुद्र में मछली पकड़ने नहीं जाता है, जिसके कारण उन्हें परिवार का खर्च चलाने में कठिनाई आती है। इन मछुआरों के परिवारों में किसी के घर में पत्नी बीमार तो किसी के पुत्र और पुत्री की शादी होनी थी लेकिन उन्हें अपने परिवार की कोई जानकारी नहीं है। इन गरीब मछुआरों पर पाकिस्तानी जेलों में बहुत अत्याचार हो रहे है, जिसके कारण कुछ वहां के अस्पतालों में भर्ती है। एन.डी.ए सरकार के समय पाकिस्तान द्वारा 6 महीने में मछुआरों को नावों के साथ छोड़ा जाता था, लेकिन इस समय पाकिस्तान सरकार द्वारा इन मछुआरों को नहीं छोड़ा गया है।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि दमन-दीव क्षेत्र के गरीब मछुआरे जो पाकिस्तान की जेलों में बंद है उन्हें छुड़ाने के लिए पाकिस्तान से बात की जाए और उन्हें छुड़ाने के लिए उचित कार्यवाही की जाए।